# एनएसयूआई ने ध्वज वंदन कर मनाया स्थापना दिवस

- सेवा कार्यों का लिया संकल्प
- सेवाभावी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



**उज्जैन।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा 55वां स्थापना दिवस सात दिवसीय कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। समापन अवसर पर क्षीरसागर स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वज वंदन कर स्थापना दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत की गई तथा पूर्व प्रधानमंत्री एवं एनएसयूआई की संस्थापक स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल ने बताया कि एनएसयूआई की स्थापना 9 अप्रैल 1971 को हुई थी, जिसे हर वर्ष स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन कर संगठन ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हुए जरूरतमंदों की सहायता करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेश परमार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता करना, सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना रहा। विधायक महेश परमार ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसयूआई द्वारा सात दिनों तक जरूरतमंदों की सेवा करना सराहनीय पहल है। आज के समय में सेवा ही सबसे बड़ा कर्त्तव्य है और ऐसे कार्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हैं। उन्होंने स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह समाजसेवा जारी रखने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर पूर्व छात्रनेता अरुण वर्मा को श्रद्धांजलि भी दी गई। प्रदेश महासचिव जुगल पांचाल ने पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्षों एवं छात्र नेताओं का स्वागत किया, वहीं जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में सेवादल अध्यक्ष चेनसिंह चौधरी, प्रभारी अजय राठौर, रवि भदौरिया, असलम लाला, चंद्रभान सिंह चंदेल, ललित मीणा, बबलू खींची, लक्की ठाकुर, संचित शर्मा, हिमांशु जोशी, देवेंद्र पाटनी, सुदर्शन गोयल, प्रतीक जैन, पीयूष व्यास, प्रीतेश शर्मा, अम्बर माथुर, दुर्गेश धवन, अभिषेक लाला, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव, योगेश साद, अभिषेक देवड़ा, तरुण परिहार, आयुष भाटी, विकास शंकर पटेल, यश जैन, कुश वर्मा, अभिषेक परमार, प्रदीप वाजपेई, अमन बना, बलराम मालवीय, मयंक राजपूत, लक्की शर्मा, आदित्य धैपते, आशुतोष अंजना, अभिषेक खंडेलवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन सोहेल जैदी ने किया।

# विश्व नवकार मंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया




नवभारत

**खाचरौद।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में विश्व नवकार मंत्र दिवस बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचार्य वीना कुंदी ने नवकार महामंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। छात्रा कनिका दलाल ने अपने भाषण में नवकार महामंत्र का अर्थ स्पष्ट करते हुए मंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यापिका सोनल जैन ने भी महामंत्र पर अपने भावपूर्ण विचार साझा किए। पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में संस्कार और आस्था की प्रेरणा जगाई।

## एक नजर में

### वार्ड क्रमांक 53 में टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक का भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 53 शक्करवासा स्थित सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर के बाहर टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक लगाए जाने के कार्य का भूमिपूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा महामंत्री आनंद सिंह खींची, कमलेश बैरवा, क्षेत्रीय पार्षद निर्मला करण परमार, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर, नगर कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 53 शक्कर वासा स्थित सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर के बाहर टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक लगाए जाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य निगम अध्यक्ष मद की राशि रुपए लगभग 35 लाख की लागत से संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर मधुकर राव, हितेश नागदेव, पार्षद प्रतिनिधि करण परमार, बालू पटेल, रूपेश श्रीवास्तव, विजय चांदना, अमित जायसवाल, राकेश झाला, विकास पोरवाल, कचरू लाल जी, विजय पटेल, सुनील किर, पप्पू आंजना, रिंकू चौधरी, सुषमा पवार, शोभा चतुर्वेदी, रेखा अजमेरी, दिलीप देवड़ा एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

### भाजपा नगर उज्जैन की आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक



**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर उज्जैन की कामकाजी बैठक नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल की अध्यक्षता व संभाग प्रभारी लता वानखेड़े, जिला प्रभारी बजरंगलाल पुरोहित की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने पार्टी द्वारा किए गए कार्यों का वृत्त रखा। उन्होंने बताया कि भाजपा नगर द्वारा प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाल, आजीवन सहयोग निधि व आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। बैठक को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी लता वानखेड़े ने कहा कि नगर द्वारा जो 12 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुए है उसकी बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि बूथ समितियों का महत्वपूर्ण कार्य होता है, बूथ पर रहने वालों से सतत् संपर्क में रहने वाली महत्वपूर्ण इकाई बूथ समिति है। उसका एक्टिव होना बहुत आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम से दो लक्ष्य पूरे होते हैं एक तो मोदी जी को सुनने के साथ ही बूथ पर रहने वालों से संवाद होता है। 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के कार्यक्रम जोरदार तरीके से हों, उसके लिए समिति गठित करना, साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में आने वाला है। महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत बड़ा कदम भाजपा द्वारा उठाया गया। जिसमें महिलाओं को भी राजनीतिक क्षेत्र मैं बराबरी का हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनजन तक योजनाओ की जानकारी पहुंचना हमारी जिम्मेदारी है। जिला प्रभारी बजरंगलाल पुरोहित, सांसद अनिल फिरोजिया ने भी संबोधित किया। बैठक में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, पूर्व विधायक पारस जैन, जगदीश अग्रवाल, वीरेंद्र कावड़िया,ओम जैन, प्रमिला यादव, अशोक प्रजापति, प्रदेश प्रवक्ता गुलरेज शेख, विवेक गुप्ता, राकेश पंड्या सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कॉर्पोरेट पाठशाला का समापन

**इंदौर.** भविष्य के कॉर्पोरेट लीडर्स तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित कॉर्पोरेट पाठशाला एग्जीक्यूटिव ऑफ द ईयर 2026 कार्यशाला का समापन हुआ. 16 दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को प्रेजेंटेशन के आधार पर परखा गया, जिसमें 40 टीमों में से 8 टीमों ने फाइनल राउंड में जगह बनाई. निर्णायक मंडल में कॉर्पोरेट ट्रेनर धीरज शर्मा और वी डू फिनसर्व के सीईओ तनमय जैन शामिल रहे. इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और आत्मविश्वास देती हैं. प्रतियोगिता में यशराज सिंह और यश मंडोवरा विजेता रहे, जबकि एंजेल पहाड़िया और भव्या मिश्रा उपविजेता बने. संचालन अनय वैष्णव और प्रीशियस पाटीदार ने किया, आभार अर्निका काबरा ने माना. समन्वयक साईदीप श्रीवास्तव, सह समन्वयक दीपक शर्मा और मीनल भंडारी रहे. इस दौरान डॉ. क्षमा पैठणकर, डॉ. दीपा कटियाल, डॉ. मंदीप गिल सहित प्राध्यापक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे.

### नेत्र शिविर का आयोजन

**इंदौर.** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोईथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में श्री दुर्गा शक्तिपीठ महू गांव पर विशाल नेत्र शिविर आयोजित किया गया. ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश देशलहरा और शिविर संयोजक अनोखीलाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 280 मरीजों ने लाभ लिया 36 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे. जरूरतमंद को 165 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए. इस शिविर के मुख्य लाभार्थी बाफना परिवार इन्दौर है. ग्रुप के समाज सेवी, अशोक कुमार सोजतिया, कैलाश नाहार, गोपीलाल सामोता, किरण बाफना, चंद्र कुमार फतेहपुरीया, प्रकाश भटेवरा, अरविन्द चोधरी, सुरेश सकलेचा, आनंदीलाल संचेती, महेश डकोलिया, शशिकांत महाराज, रामदयाल तिवारी, सतानंद दुबे आदि का भरपूर सहयोग रहा.

### खेल प्रतियोगिताओं के साथ उमंग का शुभारंभ

**इंदौर.** पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में उमंग 2026 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों डॉ. मनीष जायसवाल, गौरव साक्षी एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशान पटेल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया. उद्घाटन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. परिसर में आनंद मेला के तहत विभिन्न व्यंजनों की स्टॉल लगाई गई। साथ ही चार दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई, जिसमें क्रिकेट सहित कई स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी. संस्थान के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशान पटेल ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं. कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

# महाकाल ब्रिज निर्माण के चलते हाट बाजार हटाने पर व्यापारियों का विरोध



**उज्जैन।** महाकाल ब्रिज के नीचे गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को हटाने के आदेश के बाद व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर शहर में चल रहे विकास कार्यों के तहत महाकाल ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिसके कारण ब्रिज के नीचे लगने वाले हाट बाजार को हटाने का निर्णय लिया गया है। हाट बाजार से जुड़े व्यापारी लगातार ज्ञापन देकर अपना विरोध जता रहे हैं। संगठन के अध्यक्ष कमलकांत राजोरिया और अर्जुन कहार ने बताया कि व्यापारियों को हाट हटाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनके रोजगार को सुरक्षित रखने के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। पूर्व में नगर निगम को ज्ञापन देकर इस संबंध में अवगत कराया गया था। इसके बाद निगम अधिकारियों ने होटल इंपीरियल के पीछे स्थल का निरीक्षण कर वहां हाट लगाने की अनुमति दी थी, लेकिन कुछ घंटों बाद ही अन्य अधिकारी द्वारा फोन पर उस स्थान पर हाट लगाने से मना कर दिया गया। इस निर्णय से नाराज व्यापारी गुरुवार सुबह हाट बाजार स्थल पर एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द उन्हें नया स्थान आवंटित कर हाट लगाने की अनुमति दी जाए। उल्लेखनीय है कि पिछले 15 वर्षों से महाकाल ब्रिज के नीचे यह साप्ताहिक हाट बाजार सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नगर निगम उपायुक्त संजेश गुप्ता मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा तथा मांग को कलेक्टर तक पहुंचा दिया गया है। जल्द ही बैठक कर वैकल्पिक स्थान तय कर व्यापारियों को हाट लगाने की अनुमति दी जाएगी। अधिकांश व्यापारी मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत ऋण लिया हुआ है। हाट हटने से उनकी आय प्रभावित होने और आर्थिक संकट की स्थिति बनने की आशंका है। व्यापारियों ने कहा कि वे शहर के विकास कार्यों और सिंहस्थ 2028 की तैयारियों का समर्थन करते हैं, लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हाट हटाना उनके लिए नुकसानदायक साबित होगा। इससे न केवल व्यापारियों का रोजगार प्रभावित होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी दैनिक जरूरतों की वस्तुएं प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में सुझाव दिया गया है कि साप्ताहिक हाट बाजार को होटल इम्पिरियल के पीछे या नीलगंगा स्थित कवेलू कारखाना क्षेत्र में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे व्यापारियों का रोजगार भी सुरक्षित रहेगा और शहर के विकास कार्यों में भी कोई बाधा नहीं आएगी।

# ग्राम उमरनी में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के पूर्व शोभायात्रा निकाली

**नागदा।** ग्राम उमरानी में 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा के द्वितीय दिवस पर प्रातःकाल देव आहवान से गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ। जिसमें समस्त ग्राम के यजमान तथा युवक-युवती, भाई-बहनों ने श्रद्धा से आहुतियां प्रदान की। महायज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि रामस्वरूप मीणा द्वारा यज्ञ की महिमा के विषय में बताया गया कि यज्ञ एक श्रेष्ठतम कर्म है, जिसे हर व्यक्ति को करना चाहिए पूरी सृष्टि यज्ञमय है। सृष्टि का कण कण एक दूसरे पर आश्रित है यदि कोई भी एक घटक संकीर्ण हो जाए तो सृष्टि में उतर-पुथल मच सकती है। अतः इस सृष्टि का कण-कण यज्ञ कर रहा है, मनुष्य की प्रवृत्ति संकीर्ण हो गई है। इसी कारण मानवीय सभ्यता और संस्कृति को लेकर समस्याएं आन पड़ी है। आज व्यक्ति मात्र अपने बारे में ही सोचता है लेकिन जिस प्रकृति, परिवार, समाज और राष्ट्र से उसको जीवन चलाने में सहयोग और सहकार मिलता है। उनके विषय में नहीं सोचता यह सोच पैदा होना ही यज्ञ है। साथ ही संध्याकालीन कार्यक्रम में प्रज्ञा पुराण जो कि परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा विरचित है, का महत्व बताते हुए मीणा ने कहा कि ज्ञान और तप, सद्ज्ञान और सत्कर्म, गायत्री और यज्ञ दोनों ही पैरों से व्यक्ति मनुष्य से देवता बनता है। समस्त लोगों को इस प्रकार के 5 दिनों के आयोजनो में हो रहे आध्यात्मिक कार्य में भागीदारी लेना है ऐसा आह्वान करते हुए संध्याकालीन कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों के रूप में टोलीनायक रामस्वरूप मीणा, सह टोली नायक एवं गायक ब्रह्मदेव उघडे, वादक मनचित गोहे, सहयोगी रामचंद्र पाटीदार मंचासीन थे। जानकारी ममता बैरागी ने दी।

# संस्कृत कॉलेज में पंचांग और मुहूर्त विचार पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

- विशेषज्ञों ने दी पंचांग के पांच अंगों की जानकारी, कालगणना का प्राचीन केंद्र है उज्जैन



**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में गुरुवार को पंचांग परिचय और मुहूर्त विचार विषय पर केंद्रित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 11 अप्रैल तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रामानुजकोट के पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज ने कहा कि उज्जयिनी प्राचीन समय से कालगणना का प्रमुख केंद्र रही है। सनातन धर्म में प्रत्येक संस्कार विशिष्ट मुहूर्त पर ही संपन्न किया जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में वाल्मीकीय रामायण में उपलब्ध मुहूर्त संबंधी संदर्भों का भी उल्लेख किया।

प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, ज्योतिष विभाग, स्मृति विज्ञान अवंतिका शोध समिति और पूर्व छात्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ भविष्य शर्मा ने प्रतिभागियों को पंचांग के पांच अंगों— तिथि, वार, योग, करण और नक्षत्र की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने तिथि की वृद्धि और क्षय के गणितीय पक्ष को प्रयोगात्मक रूप से समझाया।

### धार्मिक कर्मकांड की वैज्ञानिकता पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मध्यप्रदेश के उपसंचालक श्रेयस गोखले ने ज्योतिष के खगोलीय पक्ष और धार्मिक कर्मकांड की वैज्ञानिकता को रेखांकित किया। स्मृति विज्ञान अवंतिका शोध समिति के संस्थापक डॉ. गोपालकृष्ण शुक्ल ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा ने की। इस अवसर पर दुर्गेश तारे, रामचंद्र नायक, सूरज दुबे, नितिन समाधिया, दिलीप ज्ञानी, सर्वेश शर्मा, हरीश व्यास और राजेश उपाध्याय सहित समिति सदस्य व महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यशाला के संयोजक यश शर्मा ने बताया कि सत्र का संचालन डॉ. हेमंत शर्मा ने किया तथा आभार डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने माना।

# रसायन शास्त्र में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं : डॉ. दिव्या वर्मा

- महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन



**उज्जैन।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन में रसायनशास्त्र विभाग द्वारा करियर विकास में केमिस्ट्री का महत्व विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. दिव्या वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने व्याख्यान में बताया कि रसायन शास्त्र (केमिस्ट्री) हमारे दैनिक जीवन से लेकर करियर निर्माण तक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है एवं रसायनशास्त्र के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने फार्मास्यूटिकल, रिसर्च, शिक्षा, इंडस्ट्रीज तथा पर्यावरण विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए बताया कि रसायन शास्त्र न केवल हमारे जीवन को सरल और सुरक्षित बनाता है। बल्कि विद्यार्थियों के लिए उज्ज्वल करियर के अनेक द्वार भी खोलता है। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने की। महाविद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की सलाह देते हुए उन्हें अपने पैशन को प्रोफेशन में बदलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने रुचि के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करें, तो वे न केवल सफलता प्राप्त कर सकते हैं बल्कि एक सशक्त और संतुलित जीवन भी जी सकते हैं।

प्राचार्या ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष मोनिका परमार ने अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन किया गया तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे उपयोगी एवं मार्गदर्शनपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई। ताकि विद्यार्थियों को निरंतर नए अवसरों एवं ज्ञान से लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए, जिनका विशेषज्ञ द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. सरिता यादव, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. अंजना जायसवाल, डॉ. मधुबाला राठौर, डॉ. मधु खंडेलवाल, डॉ. एकता दुबे, डॉ. भावना नागर एवं अजय हाड़ा सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

**एक नजर** — भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में वल्लभ भवन में हुई बैठक ; नियमितीकरण, 20 लाख दुर्घटना बीमा और 3000 जोखिम भत्ते पर बनी बात

# विद्युत आउटसोर्स कर्मचारियों की 8 सूत्रीय मांगों पर ऊर्जा मंत्री की सहमति, जल्द जारी होंगे आदेश



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन और भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर भोपाल के वल्लभ भवन में ऊर्जा मंत्री के साथ एक अहम बैठक संपन्न हुई। 8 अप्रैल को हुई इस बैठक में कर्मचारियों की 8 सूत्रीय मांगों पर ऊर्जा मंत्री ने सहमति जता दी है। इन मांगों की समीक्षा कर जल्द ही शासन स्तर पर आदेश जारी किए जाएंगे। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर और ऊर्जा प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा मंत्री के समक्ष आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याएं प्रमुखता से रखीं। जिस पर मंत्री द्वारा सकारात्मक रुख दिखाते हुए सभी बिंदुओं पर सहमति प्रदान की गई।

**इन प्रमुख मांगों पर बनी सहमति:** बैठक में जिन प्रमुख मांगों पर मंत्री द्वारा सहमति दी गई है, उनमें आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित भर्ती विभागीय परीक्षा के माध्यम से प्रक्रिया में उन्हें 30 अंक का बोनस देना और सभी आउटसोर्स कर्मचारियों का जोखिम भत्ता बढ़ाकर 3000 रुपए करना मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा, कर्मचारियों के अनुभव के आधार पर श्रेणीवार वेतन वृद्धि करने, सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को उच्च कुशल श्रेणी का वेतन देने तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर बीमा राशि 4.50 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने पर भी सहमति बनी है। साथ ही, राष्ट्रीय अवकाश एवं त्योहारों पर कार्य करने पर अतिरिक्त भुगतान देने और ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने या किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा हमला किए जाने पर घायल कर्मचारी को तत्काल 10000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग को भी मान लिया गया है।

### बैठक में यह पदाधिकारी रहे मौजूद

वल्लभ भवन में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सेन और कमल पटेल, प्रदेश सचिव राहुल मालवीय, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी करण चौहान, मंदसौर जिला अध्यक्ष प्रशांत राव और इंदौर जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह तोमर सहित अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।